





नवभारत

भोपाल, शनिवार 9 मई, 2026


# मेला संचालकों से मांगी ऑडिट रिपोर्ट

## नगर निगम से 24 घंटे मे फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मांगी, कार्यक्रम स्थगित करने मेला संचालकों को सूचना पत्र किया गया जारी

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी के प्रमुख स्थानो पर मनोरंजन के नाम पर संचालित दो संचालको को नगर निगम से सूचना पत्र जारी कर 24 घंटे मे फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मांगी गई है. तब तक कार्यक्रम स्थगित करने के लिए मेला संचालको को सूचना पत्र जारी किया गया है.**

मालूम हो कि सागर के दो प्रमुख स्थानो पर मनोरंजन के नाम पर दो कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है. मगर कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नजर नही दिखाई दे रहे है. जिसके मद्देनजर ही गत दिवस नगर दंडाधिकारी



कार्यालय सागर से नगर निगम को पत्र जारी कर कार्यक्रम स्थल पर फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट को जानकारी मांगी गई थी. जिसके परिपेक्ष्य मे ही ननि कार्यालय के फायर सुरक्षा विभाग की ओर से मेला संचालको को पत्र निगमायुक्त के माध्यम से जारी किया गया है. शहर के संजय ड्राइव मार्ग पर एक सर्कस का आयोजन किया जा रहा है. वहीं जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी के प्रशिक्षु नव आरक्षको और अन्य पुलिस कर्मियों के खेल मैदान पीटीसी ग्राउंड पर भी मनोरंजन मेले का आयोजन शुरू हो चुका है. सूचना पत्र के माध्यम से संचालको से फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मांगी गई है.

रिपोर्ट तैयार होने तक कार्यक्रम स्थगित करने का स्पष्ट उल्लेख किया गया है. रिपोर्ट मे ही तय हो सकेगा कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के क्या इंतजाम संचालको द्वारा किए गए है. कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षात्मक संयंत्र लगाए गए है कि नही. आयोजको को एक कंसल्टेंट नियुक्त करना होगा जो कि नगरीय प्रशासन विभाग के मापदंड अनुसार होगा. वही कार्यक्रम स्थल के अनुसार सुरक्षात्मक इंतजाम के बारे मे आयोजक को जानकारी दे सकेगा. मालूम हो कि मनोरंजन के नाम पर सागर मे संचालित कार्यक्रम स्थल पर आयोजको द्वारा प्रवेश शुल्क के अलावा परिसर के अंदर कार्यक्रमों का अलग-अलग शुल्क लिया जाता है तो वही वाहन पार्किंग के नाम पर परिसर के बाहर ठेकेदार के माध्यम से शुल्क वसूला जा रहा है. भले ही सड़क पर आवागमन अवरूद्ध होता रहे. यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुगम बनाने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस पर छोड़ दी जाती है. मालूम हो कि लगभग डेढ़ दशक पूर्व मध्य प्रदेश शासन के वाणिज्य कर विभाग के माध्यम से मनोरंजन कर शुरू किया गया था. जिसके तहत मनोरंजन के नाम पर संचालित सभी ऐसे स्थल शामिल किए गए थे, जहां पर 50 से अधिक दर्शक संख्या एकत्रित हो रहे है.

# खराब परफॉर्मेंस वाले 5 सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश, निरीक्षण में ढिलाई पर नाराजगी

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की.**

बैठक के दौरान उन्होंने विभाग के प्रमुख योजनाओं और संपर्क एवं पोषण ट्रैकर ऐप पर डेटा प्रविष्टि की स्थिति की समीक्षा की. समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मैदानी स्तर पर काम न करने वाले अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए. बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति दर्ज करने को लेकर सख्त निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप पर



आंगनबाड़ी खोलने और केंद्र पर होने वाली गतिविधियों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि अनिवार्य है। यदि 10 तारीख के बाद भी प्रविष्टि नहीं पाई जाती है, तो संबंधित की उस दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए गए हैं.

उन्होंने सीडीपीओ की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में हितग्राहियों का पंजीयन और आगामी कार्यवाही लंबित है, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों का वेतन तब तक रोका जाए जब तक कार्य में सुधार न हो कलेक्टर ने सुपरवाइजर्स और सीडीपीओ के फील्ड भ्रमण की स्थिति पर नाराजगी जाहिर की है.

उन्होंने निर्देश दिए कि, सुपरवाइजर्स, 12 कार्य दिवसों में अनिवार्य रूप से 12 फील्ड विजिट सुनिश्चित करें, भ्रमण के दिन निश्चित होने चाहिए. यदि निर्धारित दिनों में भ्रमण नहीं किया जाता है, तो उतने दिन का वेतन काटा जाएगा. गृह संपर्क स्थिति भी शत-प्रतिशत होनी चाहिए.

# कांग्रेसियों को कोर्ट ने किया बरी

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. युवा कांग्रेस के मशाल जुलूस मामले में प्रथम सत्र न्यायाधीश न्यायालय ने पूर्व विधायक तरवर लोधी सहित 17 कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को दोषमुक्त करार दिया है.**

इस पूरे मामले में मधुकरशाह वार्ड पार्षद एवं आदिवासी महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी. जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि 5 अक्टूबर 2024 को युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ बढ़ते अपराधों के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से मशाल जुलूस निकाला गया था.

जानकारी के अनुसार मामले में जिन पर एफआईआर दर्ज की गई थी, उनमें पूर्व विधायक तरवर लोधी, तत्कालीन युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, सुरेंद्र चौबे, निखिल चौकसे, जितेंद्र चौधरी, अशरफ खान, रिचा सिंह, राजा बुंदेला, देवेंद्र कुर्मी, रोहित मांडले, अभिषेक गौर, हेमंत लारिया, अजय अहिरवार, अरबाज खान, नीलेश अहिरवार और संजय रोहितास सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे.

## राशि बनी डॉक्टर

**सागर.** रामझिरिया शिवाजी वार्ड निवासी मुकेश तिवारी की पुत्री डॉ राशि तिवारी ने डॉक्टरी की पढ़ाई बीएमसी से पूर्ण की. डॉ राशि तिवारी बताती हैं कि एमबीबीएक की पढ़ाई अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती है. इसमें सैद्धांतिक अध्ययन के साथ-साथ मरीजों का उपचार भी करना पड़ता है, जिससे पढ़ाई और प्रैक्टिकल कार्यों के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन होता है. डॉ राशि तिवारी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं परिवारजनों को देती हैं.



# संकल्प और तप से मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर सकता है

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. गौराबाई जैन मंदिर में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के सातवें दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला.**

इस अवसर पर मुनिश्री अगर्भ सागर महाराज ने कहा कि यदि मनुष्य दृढ़ संकल्प कर ले तो वह संसार में कोई भी कार्य कर सकता है. दुनिया के सभी बड़े आविष्कार मनुष्य की शक्ति, बुद्धि और संकल्प का परिणाम हैं. उन्होंने कहा कि चांद पर पहुंचना, संचार के आधुनिक साधन, मोबाइल सेवा, ड्रोन फोटोग्राफी जैसे सभी



आविष्कार मनुष्य ने ही किए हैं. इसी प्रकार तप, त्याग व साधना के माध्यम से मनुष्य मोक्ष को भी प्राप्त कर सकता है. मनुष्य जीवन की सार्थकता निरंतर आगे बढ़ते हुए आत्मकल्याण की मंजिल तक पहुंचने में है. मुनिश्री ने सभी श्रद्धालुओं को जीवन में संयम धारण करने और धर्म मार्ग पर चलने का संदेश दिया. विधान के अंतिम दिन श्रद्धालुओं द्वारा 1024 अर्घ समर्पित किए गए. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि प्रात: भक्तांबर विधान आयोजित किया गया उसके पश्चात हवन सम्पन्न हुआ था.

# हल्का पटवारियों की बैठक संपन्न



नवभारत न्यूज

**बंडा 8 मई. तहसीलदार मोहित जैन द्वारा समस्त हल्का पटवारी की बैठक ली.**

बैठक में उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत का शिकायत कर्ता से बात कर संतुष्टि पूर्वक समाधान करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि यह सीजन सीमांकन का सीजन है जितने भी आवेदन आए हैं, उनका समय सीमा में सीमांकन करें यदि किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा पाया जाता है तो पंचनामा प्रतिवेदन बना करके दें ताकि मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता की धारा 250 के अंतर्गत उनका विधिवत निराकरण किया जा सके. सातवीं लघु सिंचाई गणना का समस्त ग्रामों में शीघ्र सर्वे कर सिंचाई के साधन दर्ज करने निर्देशित किया.

# महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थापना हेतु सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के कार्य में हो रही देरी को लेकर आज क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल से मुलाकात की.**

समाज ने आग्रह किया कि प्रतिमा स्थापना का कार्य शीघ्र संपन्न किया जाए ताकि आगामी 17 जून को महाराणा प्रताप जयंती के पर कार्यक्रम आयोजित हो सके. विदित हो कि प्रतिमा स्थापना के लिए शासन द्वारा 1 करोड़ रुपये की राशि पूर्व में ही स्वीकृत की जा चुकी है और स्थापना स्थल का चयन भी पूर्ण हो चुका है. इसके



बावजूद कार्य की गति धीमी होने पर समाज ने चिंता व्यक्त की.

क्षत्रिय समाज जिला सागर के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा ने बताया कि प्रतिमा के अनावरण हेतु कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं वरिष्ठ संरक्षक जनो के साथ विगत दिनों भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेदन किया गया था, जिस पर उन्होंने सागर आगमन एवं महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की है. कलेक्टर श्रीमती ने तत्काल दूरभाष के माध्यम से निगमायुक्त से संपर्क किया और उन्हें इस कार्य के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा कार्य में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश जारी किए.

# नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में नगर निगम को देश के अग्रणी शहरों में शामिल कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है.**

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम की टीम के साथ राजघाट चौराहा का निरीक्षण किया. इस दौरान चौरसिया पान भंडार एवं फल फ्रूट विक्रेता द्वारा गंदगी फैलाने पर 500-500/- रुपए, सुरेन्द्र कुर्मी द्वारा सी एंड डी वेस्ट सड़क पर डालने पर 300/- रुपए की चालानी कार्रवाई की गई. निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान राजघाट चौराहा पर सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने व सफाई दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. कटरा बाजार क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान वन टू कलेक्शन द्वारा सड़क पर खुले में कचरा डालते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर 2500/- रुपए की चालानी कार्रवाई की गई. उसे भविष्य में दुकान का कचरा डस्टबिन में एकत्रित कर कचरा गाड़ी को ही देने की सख्त हिदायत दी गई है.

# खुरई में हुई 30 हजार की अवैध शराब जब्त

नवभारत न्यूज

**खुरई 8 मई. खुरई शहर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 पाव देशी लाल मसाला शराब जब्त की है. पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है.**

पुलिस टीम कस्बा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए गश्त कर रही थी. इसी दौरान प्रधान आरक्षक राजा बेदी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खजरा हरचंद रोड स्थित ईंट भट्टा के सामने एक युवक दो बोरियों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है. पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की. पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपी ने नाम गोविंद रैकवार निवासी



ग्राम खजरा हरचंद, थाना खुरई शहर बताया. तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो बोरियों में रखे 300 पाव देशी लाल मसाला शराब बरामद हुई. शराब की कुल मात्रा 54 लीटर निकली. कार्रवाई में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी, सउनि. पदम सिंह, महिपाल सिंह, मुन्नालाल, का योगदान रहा.



# सेवादल ने मनाई जन्म जयंती

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 136वीं जयंती शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व मे सीताराम रसोई में मनाई गई.**

जहां सेवादल ने निसहाय लोगो को भोजन कराके हार्डिकर के जन्मदिन को सार्थक बनाया. जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि डॉ हार्डिकर ने आजादी की लड़ाई में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।. वे 1952 से 1962 तक राज्यसभा के सदस्य भी रहे थे. 1960 में उन्हें 'पद्मभूषण' से अलंकृत किया गया था. प्रदेश सेवादल के महासचिव विजय साहू ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम को गति दिलाने श्री हार्डिकर ने जेल में सेवादल की स्थापना की. शहर सेवादल अध्यक्ष श्रीी कटारे ने हार्डिकर द्वारा प्रस्थत किये मार्ग मे चलने के लिये संकल्पित कराया. इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा, हरिश्चंद्र सोनवार, राजा सेन, आनंद हेला,f नतिन पचौरी, कल्लू पटेल, अंकुर यादव, प्रवीण यादव आदि मौजूद थे.

## दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं

**सागर.** जिले के नरयावली थाना क्षेत्र अंतर्गत जरुवाखेड़ा पेट्रोल पंप के पास अलग-अलग हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में कुल 6 लोग घायल हो गए. सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मानकचौक निवासी अश्विन सिंह यादव, कृष्णकांत यादव, कुंदन यादव और कनेरा गोड़ निवासी चिंतामन अहिरवार व रामरति पति चिंतामन इन दोनों के वाहन आमने-सामने भिड़ंत में घायल हो गए. इन पांचों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया. उसी पेट्रोल पंप के समीप एक मोटरसाइकिल ने दूसरी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और चालक मौके से भागने लगा. हादसे में जरुवाखेड़ा निवासी राजाराम रैकवार घायल हो गए. ग्रामीणों ने भाग रहे बाइक सवार को पकड़ लिया.

# भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन का चेहरा : रणदिवे

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और संगठन पद्धति से चलने वाला परिवार है. भाजपा कार्यकर्ता जहां भी जाता है, समाज उसमें पार्टी का चेहरा देखता है, इसलिए कार्यकर्ताओं का आचरण, अनुशासन और व्यवहार ही संगठन की पहचान बनता है.**

यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने आयोजित जिला भाजपा की द्वितीय मासिक बैठक को संबोधित करते हुए कही. बैठक को भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर एवं जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया. बैठक के दौरान श्री गौरव तथा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी श्री पराशर ने मंडल




अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से वन टू वन संवाद कर संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की. बैठक में जिला महामंत्री चैन सिंह ठाकुर, चेतराम अहिरवार एवं सुमित यादव मंचासीन रहे.

श्री रणदिवे ने कहा कि भाजपा में मैं नहीं बल्कि हम की भावना से कार्य होता है. संगठन की शक्ति सामूहिक निर्णय, सामूहिक प्रयास और कार्यकर्ताओं के आत्मीय संबंधों में निहित है. भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी श्री पराशर ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, संगठन विस्तार और विचार आधारित कार्यकर्ता निर्माण का सशक्त अभियान है. श्री पाराशर ने आगामी 17 एवं 18 मई को आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग को संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया. संचालन जिला उपाध्यक्ष विक्रम सोनी ने किया. जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि आगामी 17 एवं 18 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया गया.



# टैगोर की जन्म जयंती मनाई गई

नवभारत न्यूज

**सागर 8 मई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में रवींद्रनाथ टैगोर की 165 वीं जन्म जयंती मनाई गई.**

मुख्य अतिथि मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान अध्ययनशाला के अधिष्ठाता प्रो. नागेश दुबे रहे, अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल तिवारी ने की. कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत रवीन्द्र संगीत से हुई जिसे बी.फार्मा के विद्यार्थी अनुभव पॉल ने प्रस्तुत किया. दर्शन-विभाग के विद्यार्थी अथर्व मिश्रा व सौम्या शार्मा ने रवीन्द्रनाथ टैगोर की कविताओं का पाठ किया. शोधार्थी अक्षरा सिंघई व गौरव कुमार ने टैगोर की कविताओं पर चर्चा की. भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. महेश्वर पाण्डा ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के मूल्यों पर चलने की बात पर बल दिया. इस दौरान सहायक आचार्या डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. नरेन्द्र कुमार बौद्ध, डॉ. सत्यनारायण देवलिया, डॉ. विवेक तिवारी, विद्यार्थी अंकित शाह, दर्शन विभाग की आचार्या डॉ. देवस्मिता चक्रबर्ती सहित अन्य मौजूद थे.

# करोड़ों का बजाज फाइनेंस लोन घोटाला

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 8 मई. पुलिस ने करोड़ों रुपये के आर्थिक अपराध और धोखाधड़ी से जुड़े एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है.**

कोतवाली सदर पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी की तहरीर पर गिरोह के सरगना सहित 11 आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस ने इस गिरोह को अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय बताया है. पुलिस जांच और एसआईटी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि आरोपी गिरोह लोगों की जमीनों और संपत्तियों से जुड़े फर्जी बैनामे, रजिस्ट्री और विक्रय पत्र तैयार कर वित्तीय संस्थानों को धोखा देता था. जानकारी के अनुसार आरोप है कि गिरोह ने तहसील और निबंधन कार्यालयों की फर्जी मोहरें और दस्तावेज तैयार कर उन्हें असली बताकर उपयोग किया. इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों ने बजाज फाइनेंस से करोड़ों रुपये का ऋण स्वीकृत कराया. जांच में अब तक 13 से अधिक फर्जी रजिस्ट्रियां सामने आई हैं, जिनके जरिए यह पूरा खेल संचालित किया गया.

पुलिस के अनुसार गिरोह ने अलग-अलग व्यक्तियों के नाम पर बैंक खाते खुलवाए और उनमें अपने मोबाइल नंबर लिंक कराए. इन खातों में 4 करोड़ 05 लाख 48 हजार 89 की रकम ट्रांसफर की गई, जिसे बाद में निकाल लिया गया. कोतवाली पुलिस ने गैंग लीडर राशिद खान उर्फ शानू, करन साहू, महेंद्र बरार उर्फ नगेले, महेंद्र राय, शमीम खान, राशिदा बानो, नवनीत सिंह, पारस वर्मा, अभिनव निगम, विकास दिवाकर और वीरेन्द्र कुमार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि गिरोह का प्रभाव इतना था कि स्थानीय लोग इनके खिलाफ खुलकर बयान देने से डरते थे.

# तेजी से फल-फूल रहा अवैध शराब कारोबार

नवभारत न्यूज

( राकेश गौतम )

**सागर 8 मई. उपनगर क्षेत्र मकरोनिया अवैध कारोबार भी खूब विकसित हुआ है, अवैध कारोबारों में तो कई अनैतिक कार्य शामिल है लेकिन सबसे बड़ा कारोबार अवैध शराब का है. कारोबार के चलते जहां एक तरफ पढ़ने लिखने वाले स्कूली बच्चे, युवा और मजदूर वर्ग नशे की गिरफ्त में है तो वही यह कारोबार शासन को भी तगड़े राजस्व की हानि पहुंचा रहा है.**

आलम यह है कि नगर के गली मोहल्ले और रहवासी इलाको में हर जगह शराब आसानी से उपलब्ध है जो कभी भी किसी भी वक्त आपको मिल सकती है, अब तो बस होम डिलीवरी करना ही बाकी रह गया है,इस कारोबार के चलते पिछले कुछ समय में शराब पीने वाले युवाओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है,वैसे तो इस अवैध शराब की बिक्री को रोकने की सारी जिम्मेदारी आबकारी विभाग की होती है,लेकिन अवैध कारोबार पर नकेल कसने की जिम्मेदारी थाना पुलिस की भी होती है. सूत्र बताते हैं की अवैध कारोबार करने वालों से पुलिस की सांठ गांठ है और हर महीने की एक निश्चित राशि तय है जिसकी वजह से यह धंधा काफी फल फूल रहा है और हर कोई इस धंधे से जुड़कर कम समय में अमीर बनना चाहता है, अवैध शराब बिक्री केवल आर्थिक नुकसान ही नहीं पहुंचा रही बल्कि रोजाना विवाद के हालात भी पैदा कर रही है. जहां-जहां शराब बिक्री है वहां शायद ही कोई ऐसा दिन हो की शराब पीने वालों के बीच गाली गलौज या विवाद ना हो जिसका सबसे ज्यादा नुकसान शरीफ लोगों को होता है. क्षेत्र में कई ऐसे शराब के अड्डे भी हैं जहां शैक्षणिक संस्थान होने की वजह से बच्चों और छात्र-छात्राओं की आवाजाही होती है, शराबी युवकों का जमावड़ा लगा रहता है.

## 15 दिवसीय कार्यशाला

**सागर.** बुंदेली लोक नृत्य व नाट्य कला परिषद, कनेरा देव द्वारा 15 दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन 10 मई मई से किया जा रहा है. यह कार्यशाला पद्मश्री पंडित राम सहाय पांडे गुरुकुल संस्थान, शिव धाम, बाघराज वार्ड में आयोजित होगी. कार्यशाला को तीन चरणों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रतिभागियों को लोक कला की विविध विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. कार्यक्रम के प्रथम पांच दिनों में बुंदेली लोक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके पश्चात द्वितीय चरण में लोक नाट्य कला पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित होंगे. अंतिम चरण में पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा.

## कार्य निर्माणाधीन

**सागर.** बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना प्रबंधक अनिरूद्ध आनंद ने बताया कि बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत नाला क्लोजर का कार्य प्रक्रियाधीन हैं.


## आम सूचना

मैं ईश्वी तिवारी पिता श्री देव कुमार तिवारी आयु 18 वर्ष, मकान नंबर 7/27A सदर बाजार सागर मध्य प्रदेश की स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक V3383672 में मेरे पिता का नाम देव कुमार तिवारी दर्ज हो गया है जबकि मेरे समस्त सरकारी दस्तावेज जैसे कि बैंक खाता,पेन कार्ड, आधार कार्ड और अंक सूची मे मेरे पिता का नाम देव तिवारी दर्ज है। दोनो ही नाम मेरे पिताजी देव कुमार तिवारी और देव तिवारी एक ही व्यक्ति के ही हैं।

**सूचनाकर्ता :**
**ईश्वी तिवारी पिता श्री**
**देव कुमार तिवारी**
**सदर बाजार सागर मध्य प्रदेश**